150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
दूरभाष का पता–0151–2226551 ई मेल– **aayukt.ele@gmail.com**

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/ऑनलाईन शिक्षण/19570/2020/1799 दिनांकः– 20/11/2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
समस्त।

विषयः– स्माइल 2.0 कार्यक्रम के तहत **आओ घर में सीखें** के संबंध में।
प्रसंगः– शिविरा/माध्य/मा–द/ईकक्षा/2021 दिनांक 02.11.2020

उपरोक्त विषय में लेख है कि कॉविड–19 के दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण कराया जाना है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्माइल 2.0 के तहत आओ घर में सीखें के द्वारा राज्य के लगभग 64000 विद्यालयों में क्रियान्विति की जानी है। इस हेतु निम्नानुसार आव्यूह (metrics) एवं प्रमुख क्रिया /key-action लिए जाने हैं–

1. शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को कॉल करना
2. क्विज में विद्यार्थियों की भागीदारी
3. गृहकार्य
4. विद्यार्थी तक पहुंच का प्रपत्र

1. <u>शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को कॉल करने के क्रियान्विति स्तरः–</u>
   - सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को ऑनलाइन स्माइल 2.0 पर कक्षावार एवं विषयवार पठन सामग्री ऑनलाईन लिंक पर प्रेषित की जा रही है। साथ ही गृहकार्य भी संलग्न है (मोनिटरिंग पीईईओ, सीबीईओ, एवं सीडीईओ के स्तर पर)
   - वाट्सएप समूहों के द्वारा प्रत्येक बुधवार को रिपोर्ट प्राप्त करना।
   - सीडीईओ द्वारा अधीनस्थ जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पीईईओ के साथ फील्ड वी.सी. का आयोजन करना।
   - निदेशालय द्वारा माह के अंतिम बुधवार को 33 जिलों की स्माइल 2.0 **आओ घर में सीखें** की जिला समीक्षा बैठक का आयोजन
   - निदेशालय स्तर से प्रतिसप्ताह उन जिलों को कॉल करना जिनकी प्रगति 25 प्रतिशत से न्यून है।
   - निदेशालय स्तर से उन जिलों को नोटिस/पत्र जारी करना जिनकी प्रगति 15 प्रतिशत से न्यून है।
2. <u>क्विज में विद्यार्थियों की भागीदारीः–</u>
   - स्माइल 2.0 के तहत निर्धारित समय में क्विज होगा। बच्चों के 100 प्रतिशत भागीदारी हेतु शिक्षकों के द्वारा प्रयास किए जाए।
   - वाट्सएप समूह द्वारा प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को रिपोर्ट अपलोड करना
   - यदि प्रतिशत न्यून लगे तो सीडीईओ फील्ड वीसी कर प्रगति में वृद्धि दर्ज करेंगे।
   - प्रत्येक माह के अंतिम बुधवार को जिला समीक्षा बैठक निदेशालय बीकानेर द्वारा ली जाएगी।
   - प्रतिसप्ताह निदेशालय स्तर से जिलों को कॉल किया जाएगा जिनकी प्रगति 10 प्रतिशत से न्यून स्तर पर है।
   - निदेशालय द्वारा उन जिलों को नोटिस/पत्र जारी करना जिनकी प्रगति 5 प्रतिशत से कम है।

www.rajteachers.com

- प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को निदेशक महोदय द्वारा आओ घर में सीखें(AGMS) की राज्यस्तरीय समीक्षा।

3. गृहकार्य क्रियान्विति:–
   - प्रत्येक सोमवार प्रतिसप्ताह विद्यार्थियों को गृहकार्य आवंटन करना
   - वाट्सएप समूहों द्वारा गृहकार्य आवंटन की रिपोर्ट प्रत्येक मंगलवार को साझा करना।
   - निदेशालय स्तर से सभी जिलों को आवश्यकतानुसार गृहकार्य हेतु कॉल करना।
   - निदेशालय स्तर से सभी जिलों में आवश्यकतानुसार गृहकार्य की न्यून प्रगति के क्रम में पत्र/नोटिस जारी करना।
4. स्टूडेंट रीच फॉर्मः–
   - यह प्रपत्र वन टाइम भरा जाना हैं। पीईईओ द्वारा सूचना प्राप्त करनी है कि कितने वाट्सएप समूह बनाए गए हैं।
   - ब्लॉक स्तर पर सीबीईओ द्वारा वाट्सएप समूह का निर्माण।
   - प्रतिदिन वाट्सएप समूह द्वारा सीबीईओ एवं पीईईओ ग्रुप में प्रगति दर्ज करवाना।

विदित हो कि आओ घर में सीखें का डाटा विद्यालय स्तर एवं व्यक्तिगत शिक्षक स्तर तक का उपलब्ध इस संबंध में शीघ्र ही राज्यस्तरीय डेशबोर्ड निर्माण प्रक्रियाधीन है।अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार आओ घर में सीखें कार्यक्रम की क्रियान्विति हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर की व्यापक एवं सुदृढ़ मोनिटरिंग करें। दिनांक 23.11.2020 को आयोजित वीसी में सभी जिलों की समीक्षा की जाएगी। उदासीन कार्मिकों के विरूद्ध होने वाली विभागीय कार्यवाही हेतु स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(शिव प्रसाद)
संयुक्त निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/ऑनलाईन शिक्षण/19570/2020/1799 दिनांकः– 20/11/2020

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सहायक, प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राज. बीकानेर।
4. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
5. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा समस्त।
6. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/ प्रारम्भिक (मुख्यालय) समस्त।
7. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉक।
8. सिस्टम एनालिस्ट को पत्र देकर लेख है कि विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करावें।
9. शाला दर्पण प्रभारी माध्यमिक शिक्षा को शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड हेतु।
10. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com